चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 3.8.25 | 4 | 1-3 |

# हकृवि के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय वित्तीय साक्षरता क्विज 2025 में लहराया परचम

- विभिन्न राज्यों की 53 स्नातक टीमों में हकृवि की टीम रही दूसरे स्थान पर
- प्रतियोगिता में प्राक्टर्ड राउंड में प्रदर्शन के आधार पर अंतिम रैंकिंग की तय

**जागरण संवाददाता • हिसार :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने सेबी राष्ट्रीय वित्तीय साक्षरता क्विज-2025 उत्तरी क्षेत्रीय प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त करके राष्ट्रीय स्तर पर परचम लहराया है। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा कि विश्वविद्यालय ने शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करके राष्ट्रीय ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन किया है।

छात्र कल्याण निदेशक डा. एसके पाहुजा ने बताया कि छात्र प्रिंस बूरा और विवेक भोंसले ने एमिटी विश्वविद्यालय गुरुग्राम में आयोजित राष्ट्रीय वित्तीय साक्षरता क्विज 2025 की उतरी क्षेत्रीय प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त करके विश्वविद्यालय को गौरवान्वित करने का काम किया है। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में चंडीगढ़, दिल्ली, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, पंजाब, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सहित राज्यों के प्रतिष्ठित संस्थानों से 53 स्नातक टीमों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता का समापन अत्यंत रोमांचक रहा, जहां प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों का स्कोर-170 अंक था, परंतु प्राक्टर्ड राउंड में प्रदर्शन के आधार पर अंतिम रैंकिंग तय की गई। जिसके अनुसार चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की टीम अत्यंत कम अंतर से प्रथम स्थान से चुकी, परंतु द्वितीय स्थान प्राप्त करने में सफल रही। छात्र कल्याण निदेशालय में स्थित लिटरेरी एंड डिबेटिंग सोसाइटी के प्रेसिडेंट डा. देवेंद्र सिंह ने बताया कि दोनों छात्र अंतर-विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं जिनमें प्रश्नोत्तरी, वाद विवाद, पोस्टर मेकिंग, नारा लेखन, भाषण व काव्य पाठ प्रतियोगिता में भाग लेते रहे हैं।




सेबी राष्ट्रीय वित्तीय साक्षरता क्विज-2025 के विजेता विद्यार्थी • जागरण

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 03·8·25 | 4 | 5-6 |

# उत्तरी क्षेत्रीय प्रतियोगिता में एचएयू के विद्यार्थियों ने पाया द्वितीय स्थान

## विभिन्न राज्यों की 53 स्नातक टीमों ने लिया हिस्सा




सेबी राष्ट्रीय वित्तीय साक्षरता क्विज-2025 के विजेता विद्यार्थी। स्रोत : संस्था

**हिसार।** भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने एमिटी विश्वविद्यालय गुरुग्राम में राष्ट्रीय वित्तीय साक्षरता क्विज कराई। इसकी उत्तरी क्षेत्रीय प्रतियोगिता में चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) के दो विद्यार्थियों प्रिंस बूरा और विवेक भोंसले ने द्वितीय स्थान पाया। कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने इन विद्यार्थियों को बधाई दी।

विवि के छात्र कल्याण निदेशक डॉ. एसके पाहुजा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में चंडीगढ़, दिल्ली, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, पंजाब, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सहित राज्यों के प्रतिष्ठित संस्थानों से 53 स्नातक टीमों ने भाग लिया।

डॉ. पाहुजा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में प्रथम और द्वितीय स्थान पाने वाली टीमों का स्कोर-170 अंक था, लेकिन पर्यवेक्षित सत्र (प्रॉक्टर्ड राउंड) में प्रदर्शन के आधार पर अंतिम रैंकिंग तय की गई। इसके अनुसार उपविजेता रही एचएयू की टीम को 30,000 रुपये की पुरस्कार राशि से सम्मानित किया गया।

छात्र कल्याण निदेशालय में गठित लिटरेरी एंड डिबेटिंग सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र सिंह ने बताया कि यह दोनों छात्र प्रश्नोत्तरी, वाद विवाद, पोस्टर बनाने, नारा लेखन, भाषण और काव्य पाठ की अंतर-विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन करते रहे हैं। ब्यूरो

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक ट्रिब्यून | 3-8-25 | 8 | 3-4 |

राष्ट्रीय वित्तीय साक्षरता क्विज-2025

# दूसरा स्थान हासिल कर एचएयू के विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

हिसार, 2 अगस्त (हप्र)

सेबी राष्ट्रीय वित्तीय साक्षरता क्विज-2025 उत्तरी क्षेत्रीय प्रतियोगिता में चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (सीसएचएयू) के विद्यार्थियों ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने विद्यार्थियों द्वारा अर्जित की गई इस उपलब्धि के लिए उन्हें बधाई दी है। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. एसके पाहुजा ने बताया कि एमिटी विश्वविद्यालय गुरुग्राम में आयोजित इस प्रतियोगिता में छात्र प्रिंस बूरा और विवेक भोंसले ने यह उपलब्धि हासिल की है।

प्रतियोगिता में चंडीगढ़, दिल्ली, हरियाणा, जम्मू- कश्मीर, पंजाब, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सहित राज्यों के प्रतिष्ठित संस्थानों से 53 स्नातक टीमों ने भाग लिया। इस उपलब्धि के लिए टीम को 30 हजार रुपए की पुरस्कार राशि से सम्मानित किया गया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 3.8.25 | 2 | 5-7 |

# सेबी राष्ट्रीय वित्तीय साक्षरता क्विज में एचएयू टीम दूसरे स्थान पर रही

भास्कर न्यूज | हिसार




हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने सेबी राष्ट्रीय वित्तीय साक्षरता क्विज-2025 की उत्तरी क्षेत्रीय प्रतियोगिता में दूसरा स्थान हासिल किया। यह प्रतियोगिता एमिटी विश्वविद्यालय गुरुग्राम में हुई। इसमें देश के सात राज्यों के प्रतिष्ठित संस्थानों की 53 स्नातक टीमों ने भाग लिया। एचएयू की टीम में छात्र प्रिंस बूरा और विवेक भोंसले शामिल थे। प्रतियोगिता का समापन बेहद रोमांचक रहा। पहले और दूसरे स्थान पर रही टीमों का स्कोर 170 अंक रहा। अंतिम रैंकिंग प्रॉक्टर्ड राउंड के प्रदर्शन के आधार पर तय हुई। एचएयू की टीम मामूली अंतर से पहले स्थान से चूकी, लेकिन दूसरा स्थान हासिल करने में सफल रही।

कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ने शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में देश और विदेश में नाम रोशन किया है।

छात्र कल्याण निदेशक डॉ. एसके पाहुजा ने बताया कि दोनों छात्र पहले भी कई प्रतियोगिताओं में भाग ले चुके हैं। लिटरेरी एंड डिबेटिंग सोसाइटी के प्रेसिडेंट डॉ. देवेंद्र सिंह ने बताया कि दोनों छात्र प्रश्नोत्तरी, वाद-विवाद, पोस्टर मेकिंग, नारा लेखन, भाषण और काव्य पाठ जैसी प्रतियोगिताओं में लगातार श्रेष्ठ प्रदर्शन करते रहे हैं।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 3.8.25 | 10 | 5-8 |

## विभिन्न राज्यों की 53 स्नातक टीमों में हकृवि की टीम रही दूसरे स्थान पर

# एचएयू के छात्रों ने राष्ट्रीय स्तर पर लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार




हिसार। सेबी राष्ट्रीय वित्तीय साक्षरता क्विज-2025 के विजेता विद्यार्थी।

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने सेबी राष्ट्रीय वित्तीय साक्षरता क्विज-2025 उत्तरी क्षेत्रीय प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त करके राष्ट्रीय स्तर पर परचम लहराया है।

कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने विद्यार्थियों द्वारा अर्जित की गई इस उपलब्धि के लिए उन्हें बधाई देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय ने शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करके राष्ट्रीय ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन किया है। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. एसके पाहुजा ने बताया कि छात्र प्रिंस बूरा और विवेक भोंसले ने एमिटी विश्वविद्यालय गुरुग्राम में आयोजित राष्ट्रीय वित्तीय साक्षरता क्विज 2025 की उतरी क्षेत्रीय प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त करके विश्वविद्यालय को गौरवांवित करने का काम किया है। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में चंडीगढ़, दिल्ली, हरियाणा, जम्मू- कश्मीर, पंजाब, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सहित राज्यों के प्रतिष्ठित संस्थानों से 53 स्नातक टीमों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता का समापन अत्यंत रोमांचक रहा, जहां प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों का स्कोर-170 अंक था, परंतु प्रॉक्टर्ड राउंड में प्रदर्शन के आधार पर अंतिम रैंकिंग तय की गई। इसके अनुसार हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की टीम अत्यंत कम अंतर से प्रथम स्थान से चुकी, परंतु द्वितीय स्थान प्राप्त करने में सफल रही। इस उपलब्धि के लिए टीम को 30 हजार रुपए की पुरस्कार राशि से सम्मानित किया गया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 3.8.25 | 4 | 1-2 |

## हकृवि के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर पर लहराया परचम



*सेबी राष्ट्रीय वित्तीय साक्षरता क्विज-2025 के विजेता विद्यार्थी।*

### विभिन्न राज्यों की 53 स्नातक टीमों में हकृवि की टीम रही दूसरे स्थान पर

हिसार, 2 अगस्त (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने सेबी राष्ट्रीय वित्तीय साक्षरता क्विज-2025 उत्तरी क्षेत्रीय प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त करके राष्ट्रीय स्तर पर परचम लहराया है। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने विद्यार्थियों द्वारा अर्जित की गई इस उपलब्धि के लिए उन्हें बधाई देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय ने शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करके राष्ट्रीय ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन किया है।

छात्र कल्याण निदेशक डॉ. एस.के. पाहुजा ने बताया कि छात्र प्रिंस बूरा और विवेक भोंसले ने एमिटी विश्वविद्यालय गुरुग्राम में आयोजित राष्ट्रीय वित्तीय साक्षरता क्विज 2025 की उतरी क्षेत्रीय प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त करके विश्वविद्यालय को गौरवान्वित करने का काम किया है। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में चंडीगढ़, दिल्ली, हरियाणा, जम्मू- कश्मीर, पंजाब, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सहित राज्यों के प्रतिष्ठित संस्थानों से 53 स्नातक टीमों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता का समापन अत्यंत रोमांचक रहा, जहां प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों का स्कोर-170 अंक था, परंतु प्रॉक्टर्ड राउंड में प्रदर्शन के आधार पर अंतिम रैंकिंग तय की गई। जिसके अनुसार चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की टीम अत्यंत कम अंतर से प्रथम स्थान से चुकी, परंतु द्वितीय स्थान प्राप्त करने में सफल रही। इस उपलब्धि के लिए टीम को 30 हजार रुपए की पुरस्कार राशि से सम्मानित किया गया।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स न्यूज | 02.08.2025 | -- | -- |

# हकृवि के विद्यार्थियों ने क्विज में पाया दूसरा स्थान




**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने सेबी राष्ट्रीय वित्तीय साक्षरता क्विज-2025 उत्तरी क्षेत्रीय प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त करके राष्ट्रीय स्तर पर परचम लहराया है।

छात्र कल्याण निदेशक डॉ. एसके पाहुजा ने बताया कि छात्र प्रिंस बूरा और विवेक भोंसले ने गुरुग्राम में आयोजित राष्ट्रीय वित्तीय साक्षरता क्विज 2025 की उतरी क्षेत्रीय प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त करके विश्वविद्यालय को गौरवान्वित करने का काम किया है। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में चंडीगढ़, दिल्ली, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, पंजाब, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सहित 53 स्नातक टीमों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता का समापन अत्यंत रोमांचक रहा, जहां प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों का स्कोर-170 अंक था, परंतु प्रॉक्टर्ड राउंड में प्रदर्शन के आधार पर अंतिम रैंकिंग तय की गई। जिसके अनुसार चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की टीम अत्यंत कम अंतर से प्रथम स्थान से चुकी, परंतु द्वितीय स्थान प्राप्त करने में सफल रही। इस उपलब्धि के लिए टीम को 30 हजार रुपए की पुरस्कार राशि से सम्मानित किया गया।

| | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय |
|---|---|

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| चिराग टाइम्स | 02.08.2025 | -- | -- |

# हकृवि के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर पर लहराया परचम

## विभिन्न राज्यों की 53 स्नातक टीमों में हकृवि की टीम रही दुसरे स्थान पर

चिराग टाइम्स न्यूज

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने सेबी राष्ट्रीय वित्तीय साक्षरता क्विज-2025 उत्तरी क्षेत्रीय प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त करके राष्ट्रीय स्तर पर परचम लहराया है। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने विद्यार्थियों द्वारा अर्जित की गई इस उपलब्धि के लिए उन्हें बधाई देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय ने शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करके राष्ट्रीय ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन किया है।




छात्र कल्याण निदेशक डॉ. एसके पाहुजा ने बताया कि छात्र प्रिंस बूरा और विवेक भोंसले ने एमिटी विश्वविद्यालय गुरुग्राम में आयोजित राष्ट्रीय वित्तीय साक्षरता क्विज 2025 की उतरी क्षेत्रीय प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त करके विश्वविद्यालय को गौरवान्वित करने का काम किया है। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में चंडीगढ़, दिल्ली, हरियाणा, जम्मू- कश्मीर, पंजाब, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सहित राज्यों के प्रतिष्ठित संस्थानों से 53 स्नातक टीमों ने भाग लिया।

उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता का समापन अत्यंत रोमांचक रहा, जहां प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों का स्कोर-170 अंक था, परंतु प्रॉक्टर्ड राउंड में प्रदर्शन के आधार पर अंतिम रैंकिंग तय की गई। जिसके अनुसार चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की टीम अत्यंत कम अंतर से प्रथम स्थान से चुकी, परंतु द्वितीय स्थान प्राप्त करने में सफल रही। इस उपलब्धि के लिए टीम को 30 हजार रुपए की पुरस्कार राशि से सम्मानित किया गया।

छात्र कल्याण निदेशालय में स्थित लिटरेरी एंड डिबेटिंग सोसाइटी के प्रेसिडेंट डॉ. देवेंद्र सिंह ने बताया कि दोनों छात्र अंतर-विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं जिनमें प्रश्नोत्तरी, वाद विवाद, पोस्टर मेकिंग, नारा लेखन, भाषण व काव्य पाठ प्रतियोगिता में भाग लेते रहे हैं। इन प्रतियोगिताओं में दोनों विद्यार्थियों का सदैव श्रेष्ठ प्रदर्शन रहा है।